laid down criteria can be considered for supplying products to the CSD. The CSD takes all possible steps to achieve its main objective of providing consumer satisfaction. There has been no violation of the Government policies by the CSD in its system of introduction and deletion of items in its inventory.

Fire in Sena Bhawan

3188. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:
SHRI MOHINDER SINGH LATHER:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of secret files and other valuable assets were burnt to ashes in fire recently in Sena Bhawan;

(b) what is the estimated loss due to fire stating whether any enquiry has been made to the causes of fire and to fix the responsibility of concerned authorities for such an incident; and

(c) if so, what are the details of the enquiry and what action has been taken by Government against the responsible official/persons?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN): (a) No secret files have been burnt. The fire caused damage to the fitment items and furnishings in the room, including a Computer.

(b) and (c) A Court of Inquiry has been ordered to enquire into all aspects related to the incident.

रोहतांग दर्रे में सुरंग का निर्माण

3189. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** 13 मई, 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 251 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोहतांग दर्रे में एक सुरंग के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाने के लिए मैसर्स रेल इंडिया टैक्नीकल एंड इकॉनामिक्स सर्विसेज लिमिटेड ने अपने अध्ययन का पहला चरण पूरा कर लिया है ;

(ख) क्या सरकार को इसका प्रतिवेदन मिल गया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सुरंग के मुख्य द्वार तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो यह कब तक पूरा होने की संभावना है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) दक्षिणी ओर के द्वार को 18 जून, 1991 को तथा उत्तर की ओर के द्वार को 29 अक्तूबर, 1991 को पहुंच मार्ग से जोड़ दिया गया था । यह केवल व्यवहार्यता अध्ययन के लिए किया गया ।

सशस्त्र बलों के कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही

3190. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के पश्चात् भारतीय वायु सेना के कितने कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है ;

(ख) न्यायालय में अनुशासनात्मक कार्यवाही के कितने मामले लम्बित है ;

(ग) बिना कारण बताए कितने कर्मियों को सेवामुक्त किया गया है; और

(घ) चिकित्सा के आधार पर कितने कर्मियों को सेवा मुक्त किया गया है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के पश्चात् भारतीय वायुसेना के कार्मिकों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई थी ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) भारतीय वायुसेना से किसी भी कार्मिक को बिना कोई कारण बताए सेवामुक्त नहीं किया गया है ।

(घ) 04 अफसर और 02 वायु सैनिक ।

Appointment for the post of Turner

3191. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether any interview was held on 12-7-89 to 17-7-89 in Opto Electro Factory, Raipur, Dehradun for the post o

Turner etc. reserved for Scheduled Castes/Scheduled Tribes;

(b) if so, whether any panel of candidates was made in this connection and whether that panel exists till now;

(c) the number of candidates with names, existing in the panel, waiting for appointment to the post of Turner; and

(d) the number of appointments to all selected candidates existing in panel?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) Yes, Sir.

(c) Names are given in the Statement. (*See* below).

(d) Five from the panel of 17 candidates have been appointed so far.

Statement

S/Shri

1. Nagina Das
2. Suresh Kumar
3. Ravinder Prakash
4. Babu Ram
5. Rishi Paul
6. Devi Das
7. Mohan Singh
8. Raj Kumar
9. Honar Singh
10. Ram Prakash
11 Bhadai Baitha
12. Rakesh Kumar

रक्षा विमानों का प्रयोग करने के लिए अति-विशिष्ट व्यक्तियों को ओर बकाया राशियां

3192. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रक्षा विमानों के गैर-सरकारी प्रयोग हेतु कुछ भूतपूर्व मंत्रियों और अति-विशिष्ट व्यक्तियों की ओर भारी राशियां बकाया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन बकाया राशियों को वसूल करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(घ) इनके क्या परिणाम रहे ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) पूर्व रक्षा मंत्री (श्री के० सी० पंत) द्वारा भारतीय वायु सेना का एक वायुयान गैर-सरकारी प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किए जाने के संबंध में 3,24,040 रुपये के केवल एक बिल का निपटान किया जाना शेष है ।

(ग) और (घ) बकाया राशि की वसूली के के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इ) को नियमित रूप से लिखा जा रहा है ।

सेना के अधिकारियों को समय-पूर्व सेवा निवृत्ति

3193. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सशस्त्र बलों में अधिकारियों द्वारा समय-पूर्व सेवा निवृत्ति लेने के मामलों में वृद्धि हो रही है ;

(ख) वर्ष 1990, 1991 और 1992 के दौरान प्रत्येक सशस्त्र सेवा में सेवा-वार और रैंक-वार कितने अधिकारियों ने समय-पूर्व सेवा निवृत्ति के लिए आवेदन किया था और कितने व्यक्तियों को सेवा निवृत्ति दी गई ;

(ग) क्या सरकार ने समय-पूर्व सेवा निवृत्ति पर कोई प्रतिबन्ध लगाया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान समय-पूर्व सेवा निवृत्ति चाहने वाले सेना अफसरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की प्रवृत्ति असम्भावित नहीं है ।

(ख) विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(ग) और (घ) सेना के अफसरों से समय-पूर्व सेवा निवृत्त किए जाने के लिए प्राप्त प्रत्येक अनुरोध पर कार्य के महत्व को देखते हुए गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाता है । सेना के अफसरों की समय-पूर्व सेवा निवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए कुछ मानदंड/मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित हैं । सरकार ने इस मामले में कोई प्रतिबंध नहीं लगाए हैं ।